# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2022

## उत्तर कुंजी (Master Set)

| दिनांक 16.10.2022 | द्वितीय पाली |
|---|---|

| | |
|---|---|
| **1.** | हड़प्पा के एक बन्दरगाह का नाम लिखिए।<br>**लोथल**<br>Write the name of a port of Harappa.<br>**Lothal** |
| **2.** | जैन धर्म का सबसे महत्त्वपूर्ण मौलिक सिद्धान्त है :<br>**अहिंसा**<br>The most important fundamental principle of Jainism is :<br>Non-violence |
| **3.** | निम्नलिखित में से किस शासक के दरबार में बहुत से विद्वानों को 'नवरत्न' के रूप में अलंकृत किया गया था ?<br>**चन्द्रगुप्त II**<br>In court of which among the following rulers, numerous scholars were adorned as 'Navratnas' ?<br>**Chandragupta II** |
| **4.** | दिल्ली सल्तनत के निम्नलिखित राजवंशों में से किसने सबसे कम अवधि तक शासन किया ?<br>**खिलजी**<br>Which among the following dynasty of Delhi Sultanate ruled for the shortest time ?<br>**Khilji** |
| **5.** | डलहौज़ी ने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के लिए _______ अवध को कब्जे में लिया।<br>**हड़प नीति के माध्यम से**<br>Through the_______, Dalhousie annexed Awadh for the British empire in India.<br>**Doctrine of Lapse** |
| **6.** | निम्नलिखित में से किनके द्वारा '1857 की क्रांति' की शुरुआत की गयी थी ?<br>**सिपाहियों**<br>"The Revolt of 1857" was started by whom among the following ?<br>**The sepoys** |
| **7.** | बंगाल में _________ आंदोलन के दौरान, तिरंगा झंडा (लाल, हरा और पीला) डिजाइन किया गया था।<br>**स्वदेशी** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

| | | |
|---|---|---|
| | During the _________ movement in Bengal, a tricolour flag (red, green and yellow) was designed.<br>**Swadeshi** | |
| **8.** | खलीफा की अस्थायी शक्तियों की रक्षा के लिए, मार्च ________ में बॉम्बे में एक खिलाफत समिति का गठन किया गया था ।<br>To defend the Khalifa's temporal powers, a Khilafat Committee was formed in Bombay in March ________.<br>**1919** | |
| **9.** | भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अनुसार मुख्य न्यायाधीश के साथ कितने न्यायाधीशों की नियुक्ति की गयी थी ?<br>How many judges were appointed along with the Chief Justice according to the Government of India Act, 1935 ?<br>**6** | |
| **10.** | निम्नलिखित में से कौन सी घटना की प्रतिक्रिया में भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया गया था ?<br>**क्रिप्स मिशन की विफलता**<br>In response to which of the following events Quit India Movement was launched ?<br>**Failure of Cripps Mission** | |
| **11.** | अरावली पर्वत श्रेणी में सबसे ऊँचा शिखर कौन सा है ?<br>**गुरुशिखर**<br>The highest point in the Aravalli range is :<br>**Gurushikhar** | |
| **12.** | ग्रीष्मकाल में उत्तरी मैदानों में बहने वाली पवन कहलाती है :<br>**लू**<br>The wind blowing in the northern plains in summers is known as :<br>**Loo** | |
| **13.** | भारत की मानक-याम्योत्तर रेखा है :<br>**82° 30' पू. देशान्तर**<br>The Standard – Meridian line of India is :<br>**82° 30' E longitude** | |
| **14.** | उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले में "नैमिषारण्य" तीर्थस्थान अवस्थित है?<br>**सीतापुर**<br>In which of the following districts of Uttar Pradesh is "Naimisharanya" Pilgrimage situated ?<br>**Sitapur** | |
| **15.** | कौन सा सबसे ऊँचा भारतीय शिखर है ? | |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

कंचनजंगा

Which is the highest Indian peak ?

**Kanchenjunga**

**16.** नई आर्थिक नीति को सामान्यतया विकास के ______ मॉडल के रूप में भी जाना जाता है ।

New Economic Policy is also popularly called ______ model of development.

**LPG**

**17.** कोई भी कंपनी एक सरकारी कंपनी है यदि उसमें कम से कम ______ प्रदत्त पूँजी सरकार के अधिकार में होती है ।

**51 प्रतिशत**

A government company is any company in which the paid up capital held by the government is not less than :

**51 percent**

**18.** "हालमार्क" लोगो का उपयोग निम्न में से किसके लिए होता है ?

**ज़ेवर**

"Hallmark" is used as a logo for which one of the following ?

**Jewellery**

**19.** __________ कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्रों को वित्त–पोषण करने वाली एक केन्द्रीय या शीर्ष संस्था है ।

**नाबार्ड (NABARD)**

__________ is a central or apex institution for financing agricultural and rural sectors.

**NABARD**

**20.** 1991 के आर्थिक सुधारों के द्वारा निम्न में से किस समस्या की ओर ध्यान दिया गया था ?

**विदेशी मुद्रा भंडार में संकट**

Which among the following was the issue being addressed through the Economic Reforms of 1991 ?

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

| |
|---|
| **Crisis in Foreign Exchange Reserves** |
| **21.** निम्न में से कौन सा अनुच्छेद "धन विधेयक" को परिभाषित करता है ?<br>**अनुच्छेद 110**<br>Write the name of Article which defines the Money Bill.<br>**Article 110** |
| **22.** _______ वे आदर्श हैं जिन्हें राज्य को नीतियों का निर्माण करते समय ध्यान में रखना चाहिए।<br>**राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत**<br>_______ are the ideals that a state must keep in mind while framing policies.<br>**Directive Principles of State Policy** |
| **23.** निम्न में से किसमें मौलिक कर्तव्यों को उल्लेखित किया गया है ?<br>**भाग-IV क**<br>The Fundamental Duties are mentioned in which among the following ?<br>**Part-IV A** |
| **24.** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 343 किसके बारे में है ?<br>**संघ की राजभाषा**<br>Article 343 of Indian Constitution is about :<br>**Official language of the Union** |
| **25.** निम्न में से कौन सी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सेवा-निवृत्ति की सही आयु है ?<br>**65 वर्ष**<br>Which among the following is the correct age of retirement of Judge of Supreme Court ?<br>**65 years** |
| **26.** निम्न में से कौन सा इन्द्रधनुष के सात रंगों में से एक रंग नहीं है ?<br>**सफेद**<br>Which of the following is not among the seven colours of the rainbow ?<br>**White** |
| |

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS

| | |
|---|---|
| **27.** | निम्न में से किस गैस को ग्रीनहाऊस गैस के रूप में नहीं जाना जाता है ?<br>**आर्गन**<br>Which of the following gases is not known as greenhouse gas ?<br>**Argon** |
| **28.** | वाशिंग सोडा किसका प्रचलित नाम है ?<br>**सोडियम कार्बोनेट**<br>Washing Soda is the common name for :<br>**Sodium carbonate** |
| **29.** | ओजोन होल (Hole) किससे संबंधित है ?<br>**समताप मंडल में ओजोन परत की मोटाई में कमी से।**<br>Ozone hole refers to :<br>**decrease in thickness of ozone layer in stratosphere.** |
| **30.** | पौधे अपने पोषक तत्त्व मुख्यत: कहाँ से प्राप्त करते हैं ?<br>**मिट्टी**<br>Where do plants receive their nutrients mainly from ?<br>**Soil** |
| **31.** | $(6.25-2.23)\times(3.35-2.23)+(0.0016-2.987)=$<br>**1.517** |
| **32.** | किसान विकास पत्र में मनोज की बचत का एक तिहाई हिस्सा, पब्लिक प्रोविडेंट फंड में उसकी बचत के आधे के बराबर है । यदि उसके पास कुल बचत के रूप में ₹ 1,50,000 हैं, तो उसने पब्लिक प्रोविडेंट फंड में कितने की बचत की है ?<br>One-third of Manoj's savings in Kisan Vikas Patra is equal to one-half of his savings in Public Provident Fund. If he has ₹ 1,50,000 as total savings, how much has he saved in Public Provident Fund ?<br>**₹ 60,000** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

**33.** 7 क्रमिक संख्याओं का औसत 20 है । इन संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या है :
The average of 7 consecutive numbers is 20. The largest of these numbers is :
**23**

**34.** सरल कीजिए : $\frac{(76+8\ )^2-(76-84)^2}{76\times84} = \ ?$
Simplify : $\frac{(76+8\ )^2-(76-8\ )^2}{76\times84} = \ ?$
**4**

**35.** $\sqrt{9+4\sqrt{5}} =$
**$2+\sqrt{5}$**

**36.** "धरेश" का सही संधि विच्छेद है –
**धरा + ईश**

**37.** समश्रुत शब्द 'अलि–अली' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है ?
**भौंरा–सखी**

**38.** "नागर" का पर्यायवाची शब्द है –
**चतुर**

**39.** "संन्यासी" का विलोम शब्द है –
**गृहस्थ**

**40.** "कोल्हू का बैल होना" का अर्थ है –
**बुरी तरह काम में लगे रहना ।**

**Read the passage carefully and answer the corresponding questions : (Q. 41-42)**

Going to an all-boys high school was no fun. Joe's parents thought it would be a good idea to send him there instead of a public school because "he would get distracted by girls," as his mom would say. Once, during his third year, Joe begged his mom to let him go to public school. "I just want to be normal," he would tell her. "I want to meet girls. I don't want to be weird." But his words always fell on deaf ears. Mom always said that Joe had plenty of time to go on dates

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

after high school, and that he needed to concentrate on his school work. This usually made him very sad, but like a good kid, Joe just nodded his head and went on with his studies. That all changed one day when Joe met Carmen, who lived just two blocks away from him. One day he ran into her at the market by chance. They had gone to kindergarten together. They were also of the same age. She was in Joe's class, and she remembered Joe, too.

After about two weeks, they were going steady. Joe was so happy, but had to hide his relationship from his parents, which was okay because Carmen was hiding him from her family, too! "Are you kidding me ?" Carmen said, "They would kill me if they knew I had a boyfriend!" Everything was going great for a time, but Joe's mom was right. His grades started slipping, and he soon was on academic probation because he was spending too much of his free time with Carmen. She also dropped a grade or two. As a result, both of them had to go to summer school to improve their grades, but Joe didn't care. He was in love and that was all that mattered at the time. Much later, he came to realize his mom was right.

**41.** Joe's mother did not want him to go to public school because _____.

**Joe would get distracted by girls**

**42.** Where did Joe meet Carmen ?

**Market**

**43.** Choose the correct synonym : "random".

**accidental**

**44.** Choose the correct antonym : "beautiful"

**ugly**

**45.** Give one word substitute of : "sensitiveness to the action of a particular food".

**Allergy**

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS

| | |
|---|---|
| **46.** | फाल्गुनी की ओर इशारा करते हुए हार्दिक ने कहा, "इनके इकलौते भाई का पुत्र मेरी पत्नी का भाई है ।" फाल्गुनी किस प्रकार हार्दिक से संबंधित है ?<br>**ससुर की बहन**<br>Pointing to Falguni, Hardik said, "The son of her only brother is the brother of my wife." How is Falguni related to Hardik ?<br>**Sister of father-in-law** |
| **47.** | दिए गए विकल्पों में से असंगत का चयन कीजिए :<br>Choose the odd one out from the given alternatives :<br>**4125** |
| **48.** | 8:20 बजे एक घड़ी के घंटे की सूई और मिनट की सूई के बीच का कोण ज्ञात कीजिए ।<br>Find the angle between the hour hand and the minute hand of a clock at 8:20.<br>**130°**<br><br>**49.** निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गये हैं और उसके चार निष्कर्ष (I), (II), (III) एवं (IV) दिए गए हैं । उस निष्कर्ष(र्षों) का चयन कीजिए जो तार्किक रूप से दिए गए कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं ।<br>**कथन :** कोई दरवाजा कुत्ता नहीं है ।<br>सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं ।<br>**निष्कर्ष :**<br>(I) कोई दरवाजा बिल्ली नहीं है ।<br>(II) कोई बिल्ली दरवाजा नहीं है ।<br>(III) कुछ बिल्लियाँ कुत्ते हैं ।<br>(IV) सभी बिल्लियाँ कुत्ते हैं ।<br>**केवल (III)**<br>In the following question, two statements are given, which are followed by four conclusions (I), (II), (III) and (IV). Choose the conclusion(s), which logically follow the given statement.<br>**Statement :** No door is dog.<br>All the dogs are cats.<br>**Conclusions :**<br>(I) No door is cat.<br>(II) No cat is door.<br>(III) Some cats are dogs.<br>(IV) All the cats are dogs.<br>**Only (III)** |

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS

**50.** यदि SCHEME को TDIFNF के रूप में कूटित किया जाता है, तो WONDER के लिए क्या कूट है ?
If SCHEME is coded as TDIFNF, then what is the code for WONDER ?
**XPOEFS**

**51.** निम्नलिखित में से कौन से देश 'I2U2 ग्रुपिंग' से संबंधित हैं ?
**भारत – इज़रायल – यू.ए.ई. – यू.एस.ए.**
Which of the following countries are associated with the 'I2U2 Grouping' ?
**India – Israel – UAE – USA**

**52.** भारतीय तकनीकी एस.एम.ई. हेतु निवेश को आकर्षित करने के लिए नासकॉम ने _______ सरकार की एजेंसी के साथ साझेदारी की है ।
**ऑस्ट्रेलिया**
NASSCOM partners with _______ government agency to attract investment for Indian tech SMEs.
**Australian**

**53.** _______ सरकार के स्वामित्व वाली रोसाटोम ने हाल ही में भारत के कुडनकुलम संयंत्र को दीर्घ ईंधन चक्र वाले उन्नत N-ईंधन की आपूर्ति की ।
**रूस**
_______ state-owned Rosatom recently supplied upgraded N-fuel to India's Kudankulam plant with longer fuel cycle.
**Russian**

**54.** 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के राज्य रैंकिंग सूचकांक' में सामान्य श्रेणी के राज्यों में _____ राज्य शीर्ष पर है ।
**ओडिशा**
______state topped amongst the General Category States in 'State Ranking Index for National Food Security Act (NFSA)'.
**Odisha**

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS

| | |
|---|---|
| **55.** | डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति पुरस्कार निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है ?<br>**लोक प्रशासन**<br>Dr. Rajendra Prasad Memorial Award is associated with which among the following fields ?<br>**Public Administration** |
| **56.** | निम्न में से किस राज्य में भारत के प्रथम 'अमृत सरोवर' का उद्घाटन किया गया ?<br>**उत्तर प्रदेश**<br>In which of the following states India's first ever 'Amrit Sarovar' was inaugurated ?<br>**Uttar Pradesh** |
| **57.** | निम्नलिखित में से किस राज्य में हाल ही में यूरेनियम खनन भंडार पाए गए हैं ?<br>**राजस्थान**<br>Uranium Mining Reserves have been found recently in which of the following states ?<br>**Rajasthan** |
| **58.** | निम्नलिखित में से किस राज्य में दीमापुर में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा कृषि और किसान कल्याण के लिए शहद परीक्षण प्रयोगशाला शुरू की गई है ?<br>**नागालैंड**<br>In which of the following states, Honey Testing Laboratory has been launched by Union Minister Narendra Singh Tomar for Agriculture and Farmers Welfare at Dimapur ?<br>**Nagaland** |
| **59.** | निम्नलिखित में से किस कंपनी ने उद्योग प्रथम 'वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल' योजना शुरू की है ?<br>**बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस**<br>Which among the following companies has launched an industry-first 'Global Health Care' plan ?<br>**Bajaj Allianz General Insurance** |
| **60.** | 'वियरेबल ए.टी.एम. काड्र्स और ऑफलाइन यू.पी.आई.' किस कंपनी द्वारा लॉन्च किया गया है ?<br>**ऐसमनी**<br>'Wearable ATM Cards and Offline UPI' has been launched by which company ?<br>**Acemoney** |
| **61.** | निम्नलिखित में से कौन से भारत के दो पड़ोसी द्वीप देश हैं ? |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

| | |
|---|---|
| | श्रीलंका; मालदीव<br>Which among the following are two neighbouring island countries of India ?<br>**Sri Lanka; Maldives** |
| **62.** | निम्नलिखित में से कौन सी ओमान की राजधानी है ?<br>**मस्कट**<br>Which among the following is the capital of Oman ?<br>**Muscat** |
| **63.** | निम्नलिखित में से ________ एक केंद्र शासित प्रदेश की राजधानी नहीं है ।<br>**आइज़ौल**<br>Among the following ________ is not a capital of Union Territory.<br>**Aizawl** |
| **64.** | निम्नलिखित में से कौन लोक सभा के प्रथम अध्यक्ष (स्पीकर) थे ?<br>**गणेश मावलंकर**<br>Who among the following was the first speaker of the Lok Sabha ?<br>**Ganesh Mavlankar** |
| **65.** | भारत में 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' किस दिन मनाया जाता है ?<br>**1 मई**<br>'The International Workers' Day' is observed on which day in India ?<br>**1 May** |
| **66.** | निम्नलिखित में से किस शहर को राजस्थान का 'सफेद शहर' कहा जाता है ?<br>**उदयपुर**<br>Which among the following cities is called the 'White City' of Rajasthan ?<br>**Udaipur** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

67. "संगाई महोत्सव" निम्नलिखित में से किस राज्य में आयोजित किया जाता है ?

**मणिपुर**

"The Sangai Festival" is organized in which among the following states ?

**Manipur**

68. संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रीय खेल है :

**बेसबॉल**

The National Game of the USA is

**Baseball**

69. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने "हिंद स्वराज" पुस्तक लिखी है ?

**महात्मा गांधी**

Who among the following person wrote the book "Hind Swaraj" ?

**Mahatma Gandhi**

70. 'हरित लेखांकन' (ग्रीन अकाउंटिंग) का अर्थ है ________ के आकलन को ध्यान में रखते हुए देश की राष्ट्रीय आय का मापन ।

**प्रदूषण एवं पर्यावरण हानि**

'Green Accounting' means measuring the National Income of the country taking into account estimation of

**Pollution and environmental damage**

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र. 71 से 75) के उत्तर दीजिए ।**

पुराने समय में जो लोग देश की सेवा करना चाहते थे, वे ही राजनीति में आते थे। वे अपने भविष्य की चिंता छोड़कर देश की निःस्वार्थ सेवा में लग जाते थे। आजादी की लड़ाई के समय तक लोगों के अंदर सच्चा देश प्रेम था। बहुत से लोगों ने आज़ादी के आंदोलन में जुड़कर सरकारी नौकरी तक छोड़ दी थी, परिवार का सुख त्याग दिया था और यहाँ तक कि अपने प्राणों का मोह तक छोड़ दिया था। कितने ही सच्चे देशभक्त इस आज़ादी की नींव में समा गए और इतिहास में इनका नाम तक नहीं है । आज भी हमारे देश में अनगिनत नेता हैं जो अलग-अलग पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं । आवश्यकता पड़ने पर ये लोग तुरंत पार्टी बदलकर दूसरी पार्टी में चले जाते हैं। नेतागिरी का लोभ नि:संदेह मनुष्य को पतित बनाता जा रहा है। सारा देश नेतृत्व की अभिलाषा का शिकार होता जा रहा है। भाषण, गर्जन, तिकड़म और छल के झूठे वायदों और धोखे की कसमों से सारा सार्वजनिक वातावरण कोलाहलपूर्ण हो गया है। जहाँ देखो वहीं नेताजी नजर आएँगे। लगता यह है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति अब नेता बनना चाहता है, भले ही उसका कोई अनुगमन करने वाला न हो। देश की सारी सुविधाओं का उपयोग करते हुए ये अपने आप को किसी राजा-महाराजा से कम नहीं समझते। विदेश जाकर महँगा इलाज़ कराते हैं। सत्ता में आने के लिए लम्बे-लम्बे भाषण दिए जाते हैं, गर्जना की जाती है, तिकड़म और छल के

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS

झूठे वायदे और धोखे की कसमें खाई जाती हैं, दूसरी पार्टियों पर कीचड़ उछाला जाता है। येन-केन प्रकारेण साम, दाम, दंड और भेद नीतियों का प्रयोग करके अपने गंतव्य तक पहुँच जाते हैं। ऐसे राजनेता देश के युवकों को गलत दिशा दिखाते हैं, परन्तु अपने बच्चों को विदेश में पढ़ने भेजते हैं। ये अच्छी तरह समझते हैं कि मुफ्त की चीजों के लालच में जनता उनको वोट दे ही देगी । ये कभी नहीं चाहेंगे कि लोग शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें।

**71.** अनुच्छेद के आधार पर बताइए कि आजकल के अधिकांश नेतागण वोट पाने के लिए जनता की कौन सी दुर्बलता का फायदा उठाते हैं ? सबसे सही उत्तर कौन सा है ?

**चुनाव जीतने के लिए जनता को मुफ्त की चीजें देने का वायदा करते हैं।**

**72.** नेता क्यों नहीं चाहते कि लोग शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनें ? सबसे सही तर्कयुक्त उत्तर कौन सा है ?

**शिक्षित लोग अपने वोट की असली कीमत पहचानते हैं और जाति और धर्म के आधार पर बनाए गए नेताओं के समीकरणों को बिगाड़ देते हैं।**

**73.** निम्नलिखित में आज़ादी से पूर्व के नेताओं की कौन सी विशेषता थी, जो आज के नेताओं में दिखाई नहीं पड़ती ? सबसे सही तर्कयुक्त उत्तर कौन सा है ?

**आज़ादी से पूर्व के नेता देश की सेवा करने के लिए राजनीति में आते थे।**

**74.** ये नेता येन-केन प्रकारेण साम, दाम, दंड और भेद नीतियों का प्रयोग करके अपने गंतव्य तक पहुँच जाते हैं। नेताओं का गंतव्य कौन सा है ? सबसे सही तर्कयुक्त उत्तर कौन सा है ?

**जनता द्वारा दिए गए वोटों से चुना जाना।**

**75.** नेता लोग पार्टी क्यों बदलते हैं ? सबसे सही तर्कयुक्त उत्तर कौन सा है ?

**स्वार्थ-सिद्धि के लिए पुरानी पार्टी छोड़कर नई पार्टी में आना।**

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र. 76 से 80) के उत्तर दीजिए ।**

विचारों का हमारे जीवन में सर्वाधिक महत्त्व होता है । हम जैसे विचार करते हैं, उसी प्रकार की घटनाओं को अपने जीवन में आकर्षित करते हैं। यदि हम उत्साह और आनंद के विचारों में रहते हैं, तो जीवन में अच्छी घटनाओं को आकर्षित करने लगते हैं और इसके विपरीत निराशा और चिंता के विचार जीवन में दुर्घटनाओं को अपनी ओर खींचते हैं। दूसरी बात विश्वास करने की है । यदि हम स्वयं पर या अपने बनाने वाले पर सच्चा विश्वास करते हैं, तो स्थिति अलग होती है और यदि हम इस जीवन में नकारात्मक सोच भरते रहते हैं, तो हमारा जीवन निराशा के अंधकार से भर जाएगा। क्या आपने कभी जीवन में घटने वाली घटनाओं और अपने अंदर की उस समय की मानसिक विचारात्मक स्थिति का अध्ययन किया है ? यदि आप आशा, उत्फुल्लता और आत्मविश्वास की ऊर्जा से ओतप्रोत हैं, तो कार्य-सिद्धि और सफलता के बहुत

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

पास हैं। इसके विपरीत निराशा, कुंठा, भय और संदेह के साथ लिए गए निर्णय सदैव गलत और सफलता के विपरीत होंगे। हमारे अंदर मनोवेग सर्वदा ही विद्यमान रहते हैं और उन्हीं के कारण हमारी मानसिक स्थिति बदलती रहती है। कुछ मनोवेग जैसे क्रोध, शोक, चिरकालीन ईर्ष्या, गहरी चिंता, भय, निराशा आदि के भाव सदा घातक होते हैं और लम्बे समय तक इनकी तीव्रता हमें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से पंगु बना सकती है। आशा, उत्फुल्लता, प्रसन्नता, मुस्कान, निश्चिंतता, शांति, संतुष्टि, विश्वास, आनंद आदि भाव रचनात्मक होते हैं और लम्बे समय तक इनके अभ्यास द्वारा नीरोगता, समृद्धि और सफलता प्राप्त की जा सकती है। कई वैज्ञानिकों ने प्रयोगों द्वारा इन तथ्यों की पुष्टि की है। आज हम यदि इन विचारों पर ध्यान देना शुरू कर दें तो दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदल सकते हैं। वेदों में परमात्मा से यही प्रार्थना की गई है "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः।" सभी दिशाओं से नेक विचार मेरी ओर आएँ ।

**76.** निम्नलिखित में किस वर्ग के सभी भाव रचनात्मक हैं ?

**आशा, उत्फुल्लता, प्रसन्नता, मुस्कान, निश्चिंतता, संतुष्टि, आत्मविश्वास**

**77.** हमारा जीवन कब निराशा के अंधकार से भर जाता है ?

**जब क्रोध, शोक, ईर्ष्या, चिंता, भय आदि घातक मनोभाव लम्बे समय तक अपनी तीव्रता से हमें प्रभावित करते हैं ।**

**78.** प्रिय घटनाओं को अपने जीवन में आकर्षित करने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

**हमारा मनोमस्तिष्क प्रिय विचारों से सदा परिपूरित रहना चाहिए ।**

**79.** अपने दुर्भाग्य को सौभाग्य में कैसे बदला जा सकता है ?

**अपने मस्तिष्क के विचारों पर ध्यान देकर लगातार रचनात्मक विचारों द्वारा ।**

**80.** हम कार्य–सिद्धि और सफलता के बहुत पास कब होते हैं ?

**जब हम आशा, उत्फुल्लता और आत्मविश्वास की ऊर्जा से ओतप्रोत होते हैं ।**

**प्र. 81 से 85 :** निम्न तालिका एक परीक्षा में सात छात्रों द्वारा अलग–अलग छह विषयों में प्राप्त अंकों के प्रतिशत को दर्शाती है । आँकड़ों को सावधानीपूर्वक पढ़िए एवं प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**Q. 81 to 85 :** The following table gives the percentage of marks obtained by seven students in six different subjects in an examination. Read the data carefully and answer the questions :

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

| छात्र / Student | विषय (अधिकतम अंक) / Subject (Max. Marks) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | इतिहास / History (150) | गणित / Maths (130) | अंग्रेजी / English (120) | जीव विज्ञान / Biology (100) | हिन्दी / Hindi (60) | कम्प्यूटर / Computer (40) |
| अंकित / Ankit | 65 | 35 | 50 | 77 | 80 | 80 |
| बृजेश / Brijesh | 80 | 65 | 85 | 95 | 50 | 90 |
| चिराग / Chirag | 90 | 60 | 70 | 70 | 90 | 70 |
| दिव्येश / Divyesh | 70 | 75 | 65 | 85 | 40 | 60 |
| एहान / Ehan | 90 | 50 | 90 | 60 | 70 | 80 |
| फारूक / Faruk | 100 | 80 | 80 | 40 | 80 | 70 |
| गौतम / Gautam | 80 | 65 | 80 | 80 | 60 | 60 |

**81.** अंग्रेजी में सभी सात छात्रों द्वारा प्राप्त लगभग औसत अंक कितने हैं ?
What are the approximate average marks obtained by all the seven students in English ?
**89**

**82.** सभी विषयों में 60% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या कितनी है ?
The number of students who obtained 60% and above marks in all subjects are :
**2**

**83.** सभी छह विषयों में एहान द्वारा प्राप्त कुल अंक कितने हैं ?
What was the aggregate marks obtained by Ehan in all the six subjects ?
**442**

**84.** निम्न में से किस विषय में कुल प्रतिशत न्यूनतम है ?
**गणित**
In which subject the overall percentage is lowest ?
**Maths**

**85.** बृजेश का कुल प्रतिशत (लगभग) कितना है ?
What is the overall percentage (approximate) of Brijesh ?

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS

78%

प्र. 86 से 90 : निम्न तालिका का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
पूर्व के वर्षों में X कंपनी द्वारा निर्मित (हजारों में) 5 प्रकार की कारों (A, B, C, D, E) की संख्या के आँकड़े नीचे दिये गए हैं :

**Q. 86 to 90 :** Study the following table carefully and answer the questions.
Data of Number of 5 types of cars (A, B, C, D, E) manufactured (in thousand) by company X over the years given below :

| | कार के प्रकार / Types of car | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष / Year** | **A** | **B** | **C** | **D** | **E** |
| 2016 | 230 | 200 | 125 | 130 | 115 |
| 2017 | 240 | 220 | 228 | 165 | 212 |
| 2018 | 250 | 215 | 212 | 230 | 218 |
| 2019 | 260 | 215 | 230 | 220 | 125 |
| 2020 | 230 | 135 | 240 | 120 | 120 |
| 2021 | 255 | 130 | 250 | 220 | 130 |

**86.** वर्ष 2016 से 2021 के दौरान X कंपनी द्वारा निर्मित कारों में से किस प्रकार की कार की संख्या अधिकतम है ?
Which type of cars manufactured by company X during 2016 to 2021 is the maximum ?
**A**

**87.** वर्ष 2016 से 2021 तक कार 'A' के उत्पादन में अनुमानित वृद्धि कितने प्रतिशत की थी ?
What was the approximate percentage increase in the production of car 'A' from 2016 to 2021 ?
**10.87%**

**88.** पिछले वर्षों में किस प्रकार की कार के उत्पादन में सतत वृद्धि दर्ज की गई ?
Which type of car registered continuous increase in production over the years ?
**इनमें से कोई नहीं / None of these**


**89.** वर्ष 2016 में कार 'E' का उत्पादन, वर्ष 2019 में कार 'B' के उत्पादन का लगभग कितने प्रतिशत था ?
The production of car 'E' in the year 2016 was approximately what percent of the production of car 'B' in the year 2019 ?
**53.5%**

**90.** वर्ष 2018 से 2021 के दौरान कार 'D' के उत्पादन में लगभग कितने प्रतिशत की कमी हुई ?
What was the approximate percentage decrease in production of car 'D' from 2018 to 2021 ?
**4.35%**

PTET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

**प्र. 91 से 95 :** निम्न चार्ट एक पुस्तक के प्रकाशन में किये गये खर्च का प्रतिशत वितरण दर्शाता है । पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**Q. 91 to 95 :** The following chart shows the percentage distribution of the expenditure incurred in publishing a book. Study the pie chart and answer the questions based on it :




**91.** यदि पुस्तकों की एक निश्चित मात्रा के लिए प्रकाशक को ₹ 20,600 मुद्रण लागत के रूप में देना होता है, तो इन पुस्तकों के लिए रॉयल्टी की कितनी रकम देनी होगी ?

If for a certain quantity of books, the publisher has to pay ₹ 20,600 as printing cost, then what will be the amount of royalty to be paid for these books ?

**₹ 16,480**

**92.** संवर्धन लागत पर किये गये खर्च के अनुरूप खण्ड (सेक्टर) का केंद्रीय कोण क्या है ?

What is the central angle of the sector corresponding to the expenditure incurred on promotion cost ?

**18°**

**93.** पुस्तक का मूल्य, लागत मूल्य से 20% ऊपर अंकित किया गया है । यदि पुस्तक का अंकित मूल्य ₹ 160 है, तो पुस्तक की एक प्रति में उपयोग किये गये कागज की लागत क्या है ?

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

The price of the book is marked 20% above the Cost Price If the marked price of the book is ₹ 160, then what is the cost of the paper used in a single copy of the book ?

**₹ 40**

**94.** यदि 5200 प्रतियों का प्रकाशन किया गया और उसकी परिवहन लागत की राशि ₹ 80,500 है, तो पुस्तक की अनुमानित विक्रय कीमत क्या होनी चाहिए ताकि प्रकाशक 25% का लाभ अर्जित कर सके ?

If 5200 copies are published and the transportation cost on them amounts to ₹ 80,500, then what should be the approximate selling price of the book so that the publisher can earn a profit of 25% ?

**₹ 387.02**

**95.** पुस्तक की रॉयल्टी, मुद्रण लागत से कितने प्रतिशत कम है ?

Royalty on the book is less than the printing cost by :

**20%**

**प्र. 96 से 100 :** निम्न रेखा ग्राफ एक कंपनी द्वारा वर्ष 2001 से 2007 के दौरान किये गए आयात की रकम से उस कंपनी की निर्यात की रकम का अनुपात दर्शाता है :

**Q. 96 to 100 :** The following line graph gives the ratio of the amount of imports by a company to the amount of exports from that company over the period from 2001 to 2007 :




**96.** यदि वर्ष 2004 में आयात ₹ 240 करोड़ था और वर्ष 2004 एवं 2005 का कुल संयुक्त निर्यात ₹ 500 करोड़ था, तो वर्ष 2005 में आयात कितना था ?

**₹ 450 करोड़**

If the imports in 2004 was ₹ 240 crores and the total exports in the years 2004 and 2005 together was ₹ 500 crores, then the imports in 2005 was :

**₹ 450 crores**

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

| | |
|---|---|
| **97.** | किस वर्ष में कंपनी के आयात, निर्यात के अल्पतम अनुपातिक थे ?<br>The imports were minimum proportionate to the exports of the company in the year :<br>**2003** |
| **98.** | वर्ष 2003 से 2004 तक आयात में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई थी ?<br>What was the percentage increase in imports from 2003 to 2004 ?<br>**डेटा अपर्याप्त / Data inadequate** |
| **99.** | यदि 2002 में कंपनी का आयात ₹ 260 करोड़ था, तो 2002 में कंपनी से निर्यात था :<br>**₹ 325 करोड़**<br>If the imports of the company in 2002 was ₹ 260 crores, then exports from the company in 2002 was :<br>**₹ 325 crores** |
| **100.** | दिये गये वर्षों में से कितने वर्षों में निर्यात, आयात से अधिक था ?<br>In how many of the given years were the exports more than the imports ?<br>**4** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS